# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-मार्च, 2007 सत्र

### मंगलवार, दिनांक 27 फरवरी, 2007

## तारांकित प्रश्नोत्तर

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु प्रदत्त राशि

1. (*क्र. 806) **श्री घनेन्द्र साहू :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु केन्द्र शासन द्वारा राज्य को कितनी राशि वर्ष 2006-07 में प्रदान की गई हैं तथा प्रदेश के किस-किस जिले को इस योजना में शामिल किया गया है ? कितनी-कितनी राशि खर्च की गई है ? (ख) प्रश्नांश (क) में वर्णित योजना के तहत रायपुर जिले की किस-किस वि. ख. के कितने-कितने ग्राम शामिल किये गये हैं ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी 16 जिलों को शामिल किया गया है. योजना के लिये स्वीकृत राशि, राज्य शासन को नहीं अपितु केन्द्र शासन के सार्वजनिक उपक्रमों, जिन्हें योजना बनाने से लेकर क्रियान्वयन तक के कार्य सौंपे गए हैं, को उनके साथ किये गये अनुबंध के अनुसार, उपलब्ध कराया जाना है. तदनुसार उक्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2006-07 में केवल जिला जांजगीर-चांपा के लिए 947.49 लाख रुपये की राशि, एन. टी. पी. सी. को उपलब्ध कराई गई है, जिसमें से अभी तक लगभग 80% राशि खर्च की गई है. इसके अतिरिक्त किसी अन्य जिले के लिए कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है. (ख) उक्त योजना के अन्तर्गत रायपुर जिले के लिये बनाई गई योजना में जिले के सभी 2124 ग्राम शामिल किये गये हैं. विकासखण्डवार ग्रामों की संख्या † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है.

जिला राजनांदगांव में राष्ट्रीय सम विकास योजनान्तर्गत प्राप्त राशि

2. (*क्र. 896) **श्री उदय मुदलियार :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राष्ट्रीय सम विकास योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में वर्ष 2004-05, 2005-06 एवं 2006-07 में कुल कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई ? वर्षवार, विधानसभावार कार्यवार व्यय का विवरण कार्य की स्थिति सहित बतावें ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : राजनांदगांव जिले में राष्ट्रीय सम विकास योजनांतर्गत वर्ष 2004-05, 2005-06 एवं 2006-07 में निम्नानुसार राशि प्राप्त हुई है :-

| वर्ष | | प्राप्त राशि |
|---|---|---|
| 2004-05 | | रु. 750.00 लाख |
| 2005-06 | | रु. 750.00 लाख |
| 2006-07 | | रु. 1500.00 लाख |
| | **कुल** | **रु. 3000.00 लाख** |

वर्षवार विधानसभावार एवं कार्यवार व्यय का विवरण पुस्तकालय में रखे "परिशिष्ट-एक", "दो" एवं "तीन" में दर्शित है.

† परिशिष्ट "एक"

पंडरिया में नवीन कन्या महाविद्यालय की स्वीकृति

3. (*क्र. 690) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जिला कबीरधाम के पंडरिया में शासकीय महाविद्यालय के भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री जी के द्वारा अप्रैल 2006 में किया गया है ? (ख) क्या यह भी सत्य है कि प्रश्न "क" में पूछे गये शासकीय महाविद्यालय के भवन के लोकार्पण के ही दिन शासकीय महाविद्यालय भवन पंडरिया के ही परिसर में एक नवीन कन्या महाविद्यालय पंडरिया के भवन का भी शिलान्यास किया है ? यदि हां, तो इस नये बनने वाले भवन की लागत कितनी है, बतायें ? (ग) क्या पंडरिया, जिला कबीरधाम में कन्या महाविद्यालय प्रारंभ करने हेतु विधिवत् स्वीकृति शासन प्रदान कर दी गई है ? यदि हां, तो कब ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) जी हां. (ख) जी नहीं. (ग) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

जिला कोरबा में खनिज उत्खनन हेतु स्वीकृत खदानें

4. (*क्र. 934) **श्री रामदयाल उइके :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला कोरबा के अन्तर्गत कोयला, गिट्टी, मुरूम और छुही के उत्खनन कार्य हेतु कुल कितनी खदानें किस-किस को कितने-कितने हेक्टेयर जमीन आवंटित की गई है ? (ख) क्या कोयला खदान हेतु अधिग्रहित भूमि के भू-स्वामियों को शत-प्रतिशत नौकरी दी गई है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) मेसर्स प्रकाश इण्डस्ट्रीज, प्रा. लि. को जिला कोरबा, तहसील कटघोरा स्थित चोटिया ब्लाक में खनिज कोयला के लिए 1179.826 हेक्टेयर क्षेत्र पर खनिपट्टा 30 वर्ष के लिए स्वीकृत किया गया है, जिसका खनिपट्टा अनुबंध दिनांक 20-4-2006 को निष्पादित हुआ है. उक्त के अतिरिक्त साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एस. ई. सी. एल.) की 14 कोयला खदानें कोरबा, कुसमुण्डा, गेवरा एवं चिरमिरी क्षेत्र में संचालित है. इन कोयला खदानों की लीज राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत नहीं की गई है, बल्कि एस. ई. सी. एल. की कोयला खदानों के लिए भूमि कोल बियरिंग एरियाज (एक्वीजिशन एण्ड डेवलपमेंट) एक्ट, 1957 के तहत भारत सरकार द्वारा अधिग्रहित की गई है. उक्त एक्ट के अंतर्गत अधिग्रहित भूमि पर कानूनन उन्हें "डीम्ड लीज" स्वीकृत मानी जाती है. कोरबा जिले में स्वीकृत एस. ई. सी. एल. की कोयला खदानों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट- "एक" पर दर्शित है. गिट्टी हेतु खदान स्वीकृत नहीं की जाती है, बल्कि गिट्टी बनाने हेतु पत्थर हेतु उत्खनिपट्टा/अस्थायी अनुज्ञापत्र स्वीकृत किये जाते हैं. कोरबा जिले में पत्थर एवं मुरुम हेतु स्वीकृत उत्खनिपट्टा/अस्थायी अनुज्ञापत्र का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "दो" पर दर्शित है. छुही के लिए कोई खदान कोरबा जिले में स्वीकृत नहीं है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "तीन" पर दर्शित है.

तपकरा विधान सभा क्षेत्र के ग्रामों का विद्युतीकरण

5. (*क्र. 823) **श्री भरत साय :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि तपकरा विधान सभा क्षेत्र में किन-किन गांवों को वर्ष 2005-06 में विद्युतीकृत किया गया ? वर्ष 2006-07 में किन-किन गावों को विद्युतीकरण करने की योजना है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा वर्ष 2005-06 में तपकरा विधान सभा क्षेत्र के 03 ग्रामों यथा सरकरा, कोहपानी एवं बिटुरपुर का विद्युतीकरण किया गया है. वर्ष 2006-07 में तपकरा विधान सभा क्षेत्र का कोई ग्राम, विद्युतीकरण हेतु प्रस्तावित नहीं है.

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में कार्यरत मजदूरों के भुगतान संबंधी

6. (*क्र. 230) **श्री चन्द्रभान बारमते :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कबीरधाम जिले के जनपद पंचायत पण्डरिया में ग्राम पंचायत कुण्डा के मुख्यालय ग्राम कुण्डा में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत तालाब गहरीकरण कार्य माह मई-जून 2006 में कराया गया है ? (ख) क्या यह सत्य है कि तालाब गहरीकरण कार्य में लगे मजदूरों को शासन द्वारा निर्धारित दैनिक मजदूरी की दर से भुगतान न कर इक्कीस रुपये दैनिक मजदूरी की दर से भुगतान किया गया है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) जी नहीं. (ख) प्रश्न ही नहीं उठता.

रोजगार गारंटी योजना में व्यय राशि एवं सम्पादित कार्य

7. (*क्र. 75) **श्री गुलाब सिंह :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रोजगार गारन्टी योजना के तहत कोरिया जिले एवं सरगुजा में कितने-कितने कार्य दिवसों का कार्य सम्पादित हुआ है ? राशि सहित, ब्लाकवार जानकारी देवें ? (ख) प्रश्नांक (क) के जिलों में कितने मजदूरों को काम नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता दिया गया है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) रोजगार गारंटी योजना के तहत 02 फरवरी 2006 से 31-01-2007 तक कोरिया जिले में 24.66 लाख एवं सरगुजा जिले में 76.22 लाख कार्य दिवसों का कार्य संपादित हुआ है. कोरिया जिले की ब्लाकवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र- "अ" में तथा कोरिया जिले की ब्लाकवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. (ख) कार्य की मांग करने वाले समस्त आवेदकों को योजनान्तर्गत निर्धारित समयावधि 15 दिवस के भीतर रोजगार उपलब्ध करा दिये जाने के कारण कोरिया एवं सरगुजा जिले में बेरोजगारी भत्ता दिये जाने की आवश्यकता नहीं हुई है.

प्राथमिक शाला भवन निर्माण में अनियमितता

8. (*क्र. 501) **श्री संजीव शाह :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चौकी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड मोहला के ग्राम पंचायत गोटाटोला अंतर्गत ग्राम चमर्राटोला में नवीन प्राथमिक शाला भवन हेतु कब एवं किस मद से कितनी राशि स्वीकृत की गई ? (ख) स्वीकृत शाला भवन का निर्माण किस एजेन्सी द्वारा किया गया ? वर्तमान में भवन की स्थिति क्या है ? क्या भवन निर्माण में अनियमितता की शिकायत, ग्राम सभा एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को की गई है ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) चौकी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड मोहला के ग्राम पंचायत गोटाटोला अंतर्गत ग्राम चमर्राटोला में नवीन प्राथमिक शाला भवन हेतु वर्ष 1988-89 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम योजना मद में राशि रुपये 50,000.00 (पचास हजार रुपये) तथा शाला के (जीर्णोद्वार) हेतु वर्ष 2004-05 में राष्ट्रीय सम विकास योजना मद से राशि रुपये 1,44,000.00 (एक लाख चौवालिस हजार रुपये) की स्वीकृति प्रदान की गई, कार्य पूर्ण है. (ख) स्वीकृत शाला भवन का निर्माण ग्राम पंचायत गोटाटोला (एजेन्सी) द्वारा किया गया. वर्तमान में भवन की स्थिति ठीक है. भवन निर्माण में अनियमितता की शिकायत, ग्राम सभा या अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को प्राप्त नहीं हुई है.

कृषकों को विद्युत पंप कनेक्शन हेतु जारी कार्यादेश

9. (*क्र. 335) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के कितने कृषकों को वर्ष 2004 से 31 दिसम्बर 06 तक विद्युत पंप कनेक्शन देने के कार्यादेश जारी किये गये ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 01 जनवरी, 2004 से 31 दिसम्बर, 2006 तक कुल 67 कृषकों के सिंचाई पंपों के विद्युतीकरण हेतु कार्यादेश जारी किये गये हैं.

विधान सभा क्षेत्र केशलूर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत सड़कों की जानकारी

10. (*क्र. 420) **श्री बैदूराम कश्यप :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र केशलूर अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में कौन-कौन सी सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है तथा कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं ? लंबाई एवं लागत सहित वर्षवार स्वीकृति विवरण देवें ? (ख) दरभा विकासखण्ड में स्वीकृत छिन्दवाड़ा मार्ग का कार्यादेश कब, किस ठेकेदार को कितनी राशि का दिया गया तथा कार्य की पूर्णता अवधि क्या थी ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) स्वीकृत सड़कों की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है.

† परिशिष्ट "दो" †† परिशिष्ट "तीन"

सरगुजा लोकोत्सव के आयोजन में व्यय राशि

11. (*क्र. 444) **श्री अमरजीत भगत :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सरगुजा लोकोत्सव 2006 का आयोजन कब से कब तक किया गया ? उक्त आयोजन में कुल कितना खर्च किया गया है ? आय का स्रोत क्या था ? (ख) क्या इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया था ? यदि हां, तो सांस्कृतिक कार्यक्रम पर कितना खर्च हुआ ? कौन-कौन से कलाकार आमंत्रित थे ? कितनी राशि दी गई ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) सरगुजा जिले में राज्योत्सव 2006 का आयोजन दिनांक 02 नवम्बर से 05 नवम्बर, 2006 तक किया गया. राज्योत्सव के साथ-साथ सरगुजा लोकोत्सव का आयोनज भी इसी अवधि में किया गया था. इन दोनों आयोजनों पर रुपये 6,32,185 की राशि खर्च हुई थी. इस राशि के स्रोत राज्योत्सव हेतु उपलब्ध कराये गये शासकीय आवंटन एवं इफको, बालको, हिण्डालको, स्टालों से प्राप्त राशि, जिला पंचायत तथा नगर पालिक निगम का आर्थिक सहयोग था. (ख) जी हां. रुपये एक लाख तीस हजार. भारती बंधु रायपुर, संजय सुरिला अम्बिकापुर, आरती ग्रुप बिलासपुर, लल्लू राज पार्टी अम्बिकापुर, ऋतु वर्मा पंडवानी कलाकार रायपुर छ. ग. लोकांजली रायपुर एवं गोल्डन आर्केस्ट्रा अम्बिकापुर को आमंत्रित किया गया था जिन्हें कुल रुपये एक लाख तीस हजार की राशि दी गई.

सूचना शिक्षा संचार मद में प्राप्त आवंटन एवं व्यय

12. (*क्र. 400) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भारत सरकार से सूचना शिक्षा संचार (आई. ई. सी.) मद में वर्ष 2005-06 में कितना आवंटन प्राप्त हुआ एवं राज्य शासन द्वारा कितना व्यय हुआ है ? (ख) उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवंटन में से कला जत्था पर किस-किस संस्थान/कला जत्था पार्टी को कितना-कितना भुगतान किया गया ? (ग) दुर्ग जिले में किस-किस कला जत्था द्वारा कितना-कितना कार्यक्रम दिया गया है तथा उन्हें कितना-कितना भुगतान हुआ है ? नाम सहित विवरण देवें ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) आलोच्य अवधि में भारत शासन से प्राप्त राशि रुपये 3,79,75,116/-. वर्ष 2004-05 की शेष राशि सहित रुपये 5,93,12,416/- का व्यय हुआ. राज्य शासन द्वारा कोई व्यय नहीं हुआ. (ख) छत्तीसगढ़ लोक कला समिति, धमतरी को 46,34,660 रुपये, नवजागृति कला समिति, बिलासपुर को 37,26,740 रुपये तथा सुमन सौरभ, रायपुर को 44,07,400 रुपये का भुगतान किया गया. (ग) छत्तीसगढ़ लोक कला समिति, धमतरी को 473 कार्यक्रम हेतु 9,17,620 रुपये, तथा सुमन सौरभ, रायपुर को 293 कार्यक्रमों हेतु 4,63,660 रुपये का भुगतान किया गया.

छ. ग. विद्युत मण्डल द्वारा नए ताप विद्युत गृह की स्थापना

13. (*क्र. 916) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कोरबा में छ. ग. विद्युत मण्डल द्वारा नए ताप गृह स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है ? यदि हां, तो कितनी क्षमता का और कब तक ? (ख) क्या कंडिका "क" के कार्य सम्पादन हेतु निविदाएं आमंत्रित की गई ? यदि हां, तो कब ? कहां-कहां की किन-किन कंपनियों ने टेण्डर दिए हैं ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जी हां. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल द्वारा दो नये ताप विद्युत गृहों की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव है. कोरबा पश्चिम चरण-तीन में 250 से 300 मेगावाट क्षमता की दो इकाईयों की एवं कोरबा दक्षिण में 500 मेगावाट क्षमता की दो इकाईयों की स्थापना प्रस्तावित है. उक्त परियोजनाओं का क्रियान्वयन ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में किया जाना प्रस्तावित है. (ख) कंडिका "क" में उल्लेखित कोरबा पश्चिम चरण-तीन परियोजना के कार्य संपादन हेतु दिनांक 21-06-2005 को निविदायें आमंत्रित की गई थीं. भारत एवं चीन की निम्नलिखित कंपनियों ने टेंडर दिये हैं :-

1. मेसर्स सैपको पावर कंस्ट्रक्शन कार्पोरेशन, चीन.
2. मेसर्स हरबीन पावर इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड, चीन.
3. मेसर्स भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली
4. मेसर्स चाईना नेशनल मशीनरी एंड इक्यूपमेंट इम्पोर्ट एंड एस्पोर्ट कार्पोरेशन, चीन.

कोरबा दक्षिण परियोजना के कार्य संपादन हेतु निविदाएं आमंत्रित नहीं की गई हैं.

छ. ग. राज्य विद्युत मंडल को प्रदाय मीटर में गड़बड़ी

14. (*क्र. 932) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सत्य है कि छ. ग. राज्य विद्युत मण्डल को प्रदाय मीटर खराब पाये गये हैं ? यदि हां, तो कौन-कौन सी कंपनी के मीटर खराब पाये गये ? उन कंपनियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है ? (ख) प्रश्नांश (क) के संबंध में बतावें कि सप्लाई किये गये मीटरों की गुणवत्ता की जांच किस एजेन्सी से कराई गई थी ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) राज्य विद्युत मण्डल द्वारा खरीदे गए मीटरों में से कुछ मीटर खराब पाए गए हैं. निम्नलिखित 12 कंपनियों से प्राप्त कुछ मीटर खराब पाए गए हैं :-

(1) मेसर्स सिक्योर मीटर्स लिमिटेड, उदयपुर.
(2) मेसर्स एल एंड टी, लिमिटेड, मुम्बई.
(3) मेसर्स एवन मीटर्स प्राइवेट लिमिटेड, डेराबासी, चंडीगढ़.
(4) मेसर्स टी. टी. एल. लिमिटेड, नोयडा.
(5) मेसर्स एच. पी. एल. सोकोमेक प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली.
(6) मेसर्स एमको लिमिटेड, थाने
(7) मेसर्स एलीमर इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली.
(8) मेसर्स एलीमर इलेक्ट्रीकल्स प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली.
(9) मेसर्स बी. एच. ई. एल. लिमिटेड, रायपुर.
(10) मेसर्स ड्यूक आरनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद.
(11) मेसर्स जीनस ओवरसीज इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, जयपुर.
(12) मेसर्स इलेक्ट्रान इनर्जी इक्विपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, नोयडा.

निविदा शर्तों के अनुसार गारंटी अवधि में मीटरों के खराब होने पर कंपनी द्वारा आई खराबी को सुधारा जाता है अथवा खराब मीटर को वापस लेकर नया मीटर दिया जाता है. उक्त शर्तों का पालन नहीं करने वाली कंपनियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने का प्रावधान है. (ख) मण्डल में सप्लाई किये गये मीटरों की गुणवत्ता की जांच विभिन्न समयों पर निम्न एजेंसियों के द्वारा की गई है :-

1. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल
2. इलेक्ट्रीकल रिसर्च एण्ड डवलेपमेंट एसोसिएशन बड़ौदा
3. मेसर्स राईटस लिमिटेड (भारत सरकार की कंपनी)
4. सेन्ट्रल पावर रिसर्च इंस्टीट्यूट, भोपाल (भारत सरकार का शोध संस्थान)

कोटा विधान सभा क्षेत्र के रतनपुर केंदा मार्ग निर्माण में अनियमितता पर कार्यवाही

15. (*क्र. 893) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जिला बिलासपुर के कोटा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रतनपुर केंदा मार्ग (मजवानी से केंदा तक ) 15 किमी सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित है ? (ख) क्या यह सही है कि उक्त मार्ग अत्यंत खराब हो चुका है और उक्त मार्ग गारंटी अवधि में ही खराब हुआ है ? यदि हां, तो क्या ठेकेदार एवं अन्य संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की गई है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) जी हां. (ख) जी हां. यह सड़क जिला सड़क घोषित होने तथा यातायात के अधिक दबाव के कारण कुछ स्थानों पर खराब हुआ है, जिसका ठेकेदार के द्वारा संधारण का कार्य किया जा रहा है. चूंकि यातायात का दबाव अधिक होने के कारण सड़क का पुनर्निर्माण आवश्यक है. अत: ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने का प्रश्न नहीं उठता.

बिलाईगढ़ विकासखंड अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना में सम्मिलित मार्गों का निर्माण

16. (*क्र. 531) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के बिलाईगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत वर्ष 2005-06 तथा 2006-07 में किन-किन सड़कों को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत सम्मिलित किया गया है ? (ख) उक्त मार्गों में से 31 जनवरी, 2007 के स्थिति में कितने मार्ग पूर्ण कर लिये गये तथा कितने अपूर्ण हैं ? (ग) अपूर्ण मार्गों को कब तक पूरा कर लिया जावेगा ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) वर्षवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) 08 मार्गों में से 02 मार्ग अपूर्ण हैं एवं 06 मार्गों की निविदा बुलाई गई है. (ग) अपूर्ण दोनों मार्ग 31-03-2007 तक पूर्ण होने की संभावना है.

विधान सभा क्षेत्र कटघोरा के टोले/मोहल्लों का विद्युतीकरण

17. (*क्र. 860) **श्री बोधराम कंवर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र कटघोरा, जिला कोरबा में कौन-कौन से टोले/मोहल्ले है, जिनका विद्युतीकरण किया जाना शेष है ? (ख) वर्ष 2006-2007 में किन-किन टोले/मोहल्लों का विद्युतीकरण किया जाना प्रस्तावित है ? (ग) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत कोरबा जिले को कितनी राशि उपलब्ध कराई गई है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) उपलब्ध जनगणना विवरण, जिसमें ग्रामों के अंतर्गत वार्डों के रूप में टोलों/मुहल्लों का उल्लेख है, के अनुसार 31 जनवरी 2007 की स्थिति में कटघोरा विधान सभा क्षेत्र के 156 टोलों/मुहल्लों का विद्युतीकरण किया जाना शेष है. इन टोलों/मुहल्लों के नाम पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-I में दर्शाये गये हैं. (ख) वर्ष 2006-07 में उक्त में से 04 टोलों/मुहल्लों तथा अन्य ऐसे 11 टोलों/मुहल्लों, जिनका उल्लेख जनगणना विवरण में नहीं है, का विद्युतीकरण प्रस्तावित है. इन मजरों/टोलों की सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-II में दर्शाई गई है. (ग) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत कोरबा जिले की योजना के विरुद्ध अभी कोई राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है.

प्रधानमंत्री सड़क योजनांतर्गत जिला-जांजगीर-चांपा में स्वीकृत कार्य

18. (*क्र. 574) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिला जांजगीर-चांपा के विकासखण्ड सक्ती, डभरा एवं मालखरौदा में वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में किन-किन मार्गों की स्वीकृति दी गई ? कौन-कौन से मार्ग स्वीकृति पश्चात् प्रारंभ कर दिये गये हैं, एवं कौन-कौन से कार्य प्रारंभ होना शेष है ? रोड का नाम, रोड की दूरी, स्वीकृत राशि, ठेकेदार का नाम क्या-क्या है ? (ख) कंडिका (क) की योजना अंतर्गत विकासखण्ड डभरा, मालखरौदा एवं सक्ती में वर्ष 2007-08 हेतु कितने कार्य प्रस्तावित है ? रोड का नाम, दूरी कितनी-कितनी है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) वर्ष 2005-06 में स्वीकृत सड़कों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "एक" में एवं वर्ष 2006-07 में स्वीकृत सड़कों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "दो" में दर्शित है. (ख) सड़कों का चयन प्रक्रियाधीन है.

रायगढ़ जिले में संचालित महाविद्यालयों में स्टाफ की व्यवस्था

19. (*क्र. 13) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश के कितने विकासखण्ड मुख्यालयों में शासकीय महाविद्यालय है ? कितने में नहीं ? क्या जिन विकासखण्डों में महाविद्यालय नहीं है, वहां महाविद्यालय प्रारंभ किये जाने की योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? (ख) रायगढ़ जिले के किन-किन विकासखण्ड मुख्यालयों में महाविद्यालय नहीं है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ग) रायगढ़ जिले में कितने महाविद्यालय कहां-कहां संचालित हैं ? क्या सभी महाविद्यालयों में संकायवार पर्याप्त स्टाफ हैं ? यदि नहीं, तो कब तक भर दिये जायेंगे ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) प्रदेश में 146 विकासखण्ड हैं. 83 विकासखण्ड मुख्यालय में महाविद्यालय संचालित हैं, 06 ऐसे विकासखण्ड हैं जिनके मुख्यालय में महाविद्यालय न होकर क्षेत्र के अन्य स्थान पर महाविद्यालय संचालित हैं. 57 विकासखण्ड में महाविद्यालय नहीं है. विकासखण्ड मुख्यालयों में शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ करने की कोई योजना नहीं है, परन्तु उपलब्ध छात्रों की संख्या के आधार पर विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार महाविद्यालय प्रारंभ किये जाते हैं. निश्चित समय बताना संभव नहीं है. (ख) रायगढ़ जिले के पुसौर/बरमकेला/धरघोड़ा/तमनार/धरमजयगढ़ विकासखण्ड मुख्यालय में महाविद्यालय नहीं है. (ग) रायगढ़ जिले में 06 शासकीय महाविद्यालय -

1. शासकीय किरोड़ीमल महाविद्यालय, रायगढ़
2. शासकीय पी. डी. महाविद्यालय, रायगढ़
3. शासकीय कन्या महाविद्यालय, रायगढ़
4. शासकीय महाविद्यालय, सारंगढ़
5. शासकीय महाविद्यालय, खरसिया
6. शासकीय महाविद्यालय, लैलूंगा

संचालित है, महाविद्यालय में संकायवार पर्याप्त स्टाफ नहीं है. रिक्त पदों की पूर्ति/भर्ती सतत् प्रक्रिया होने के कारण समय सीमा बताना संभव नहीं है.

† परिशिष्ट "चार"

कोयला उत्खनन हेतु अधिगृहित भूमि का मुआवजा

20. (*क्र. 348) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-2006 एवं 2006-2007 में राज्य में किन-किन उद्योगों को कोयला उत्खनन हेतु किन-किन शर्तों पर कितनी-कितनी भूमि का आवंटन कब-कब किया गया है ? एवं प्रत्येक में किस-किस ग्रेड का कोयला उत्पादन होता है एवं इससे उक्त अवधि में कितनी राशि का राजस्व रायल्टी के रूप में प्राप्त हो रहा है ? इकाईवार, वर्षवार जानकारी दें ? (ख) क्या उक्त खदानों हेतु अधिगृहित जमीनों का मुआवजा प्रदान कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो किस-किस इकाई में कितने-कितने भू-स्वामियों को मुआवजों का भुगतान लंबित है एवं भुगतान नहीं करने के क्या कारण हैं और कब तक कर दिया जायेगा ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" पर दर्शित है. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" पर दर्शित है.

रावघाट ब्लाक "ए-से एफ" में निजी कम्पनियों के खनिज रियायत हेतु लंबित आवेदन

21. (*क्र. 906) **श्री भूपेश बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रावघाट ब्लाक "ए-से एफ" में कितनी निजी कम्पनियों के खनिज रियायत आवेदन शासन के समक्ष लंबित हैं ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : जानकारी एकत्रित की जा रही है.

बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र में लंबित विद्युत पंप कनेक्शन

22. (*क्र. 485) **श्री गणेश शंकर बाजपेयी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 01-01-2004 से 31-12-2006 तक विधान सभा क्षेत्र बलौदाबाजार में कितने कृषकों को विद्युत कनेक्शन देने के कार्य आदेश जारी किया गया ? (ख) क्या कार्यादेश जारी होने के बाद भी कृषकों को पंप कनेक्शन नहीं मिल पाया है ? (ग) यदि हां, तो लंबित कनेक्शन कब तक दे दिया जायेगा ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) दिनांक 01-01-2004 से 31 दिसम्बर 2006 तक बलौदा बाजार विधान सभा क्षेत्र के कुल 334 कृषकों के पम्पों के विद्युतीकरण हेतु कार्यादेश जारी किये गये. (ख) उक्त 334 कृषकों में से 272 कृषकों को स्थायी पंप कनेक्शन दिये जा चुके हैं एवं शेष 62 कृषकों में से 42 कृषकों के पंपों के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं, परन्तु कृषकों द्वारा मोटर पम्प स्थापना का परीक्षण प्रपत्र जमा नहीं करने के कारण कनेक्शन नहीं दिये जा सके हैं. इन कृषकों द्वारा परीक्षण प्रपत्र जमा करने पर तुरंत कनेक्शन दिया जायेगा. शेष 20 कृषकों के पंपों के लिए विद्युत लाईन विस्तार के कार्य लंबित हैं. (ग) विद्युत लाईन विस्तार हेतु लंबित पम्प कनेक्शनों के कार्य मार्च 2007 तक पूर्ण करने के प्रयास किये जा रहे हैं.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत सड़कें

23. (*क्र. 494) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में कौन-कौन सी सड़क, कहां से कहां तक निर्माण हेतु प्रारंभ की गई ? वर्षवार सड़क का नाम एवं लागत बतायें ? (ख) क्या उक्त अवधि की सभी सड़कें पूर्ण हो चुकी है ? यदि नहीं, तो कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे ? (ग) वर्ष 2007-08 हेतु पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के किन-किन मार्गों को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के लिये चिन्हित किया गया है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) वर्ष 2005-06 में प्रारंभ सड़कों की जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शाई गई है. वर्ष 2006-07 में प्रारंभ सड़कों की जानकारी निरंक. (ख) जी नहीं. 05 सड़क पूर्ण. 9 सड़कें मार्च 2007 तक पूर्ण होने की संभावना है. (ग) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शाई है.

सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र में ग्रामों एवं मजरों टोला का विद्युतीकरण

24. (*क्र. 834) **सुश्री कामदा जोल्हे :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र में सन् 2006 में किन-किन ग्रामों एवं मजरा-टोला का विद्युतीकरण किया गया ? (ख) कितने ग्राम एवं मजरे-टोले विद्युत विहिन है ?

---

† परिशिष्ट "पांच" †† परिशिष्ट "छः"

मुख्यमंत्री (डॉ. रमन सिंह) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल द्वारा 01 जनवरी 2006 से 31 दिसंबर 2006 तक सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र के किसी भी ग्राम का विद्युतीकरण नहीं किया गया है. 03 ग्रामों के मजरों/टोलों/मुहल्लों यथा ग्राम उच्चभिठी के रंजिताभाठा, ग्राम आमपाली के मुख्य बस्ती तथा ग्राम पानापीपर के मुख्य बस्ती का विद्युतीकरण किया गया है. (ख) सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र के कोई भी ग्राम विद्युत विहीन नहीं है एवं उपलब्ध जनगणना विवरण, जिसमें ग्रामों के अंतर्गत वार्डों के रूप में मजरों/टोलों/मुहल्लों का उल्लेख है, के अनुसार 03 ग्रामों के 03 मजरे/टोले/मुहल्ले विद्युत विहीन हैं.

## गौण खनिज से प्राप्त राशि का पंचायतों में वितरण

25. (*क्र. 302) डॉ. शक्राजीत नायक : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले के बरमकेला, सारंगढ़ एवं पुसौर विकासखण्ड के अंतर्गत किन-किन पंचायतों में गौण खनिज से शासन को वर्ष 2004-05 एवं वर्ष 2005-06 में कितनी राशि प्राप्त हुई ? (ख) उक्त ग्राम पंचायतों को किस-किस विकास कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि आवंटित की गई ?

मुख्यमंत्री (डॉ. रमन सिंह) : (क) वर्ष 2004-05 से संबंधित जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" पर दर्शित है. वर्ष 2005-06 से संबंधित जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" पर दर्शित है. (ख) ग्राम पंचायतों को प्रश्नांश "क" के उत्तर के साथ † संलग्न प्रपत्र "अ" तथा "ब" में उल्लिखित राशि को केवल विकास कार्यों हेतु ही व्यय किये जाने के निर्देश दिये गये हैं. साथ ही जिन ग्राम पंचायतों को उचित मूल्य दुकान के संचालन का दायित्व सौंपा गया है, उन्हें इस राशि का उपयोग सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था के लिये प्रारंभिक पूंजी के तौर पर, पंचायत प्रस्ताव के आधार पर, करने हेतु भी अधिकृत किया गया है.

----------

† परिशिष्ट "सात"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 806) के भाग (ख ) की जानकारी ]

**राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत रायपुर जिले की बनाई गई योजना में शामिल किये गये ग्रामों की विकासखण्डवार संख्या**

| क्रमांक (1) | विकासखण्ड का नाम (2) | शामिल किये गये ग्रामों की संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | सिमगा | 123 |
| 2. | भाठापारा | 107 |
| 3. | बलौदाबाजार | 147 |
| 4. | पलारी | 134 |
| 5. | कसडोल | 213 |
| 6. | बिलाईगढ़ | 219 |
| 7. | आरंग | 166 |
| 8. | अभनपुर | 103 |
| 9. | फिंगेश्वर | 100 |
| 10. | धरसींवा | 115 |
| 11. | तिल्दा | 133 |
| 12. | छूरा | 156 |
| 13. | गरियाबंद | 143 |
| 14. | मैनपुर | 172 |
| 15. | देवभोग | 93 |
| | योग | 2124 |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 07 (क्र. 75) के भाग (क) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**रोजगार गारंटी योजना के तहत कोरिया जिले में सम्पादित कार्य दिवसों की विकासखंडवार जानकारी**

**जिला -कोरिया**

| क्र. (1) | विकासखंड का नाम (2) | मजदूरी पर व्यय राशि रु. लाख में (3) | कुल सृजित मानव दिवस (लाख में) (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | बैकुण्ठपुर | 481.69 | 8.12 |
| 2. | सोनहत | 132.58 | 2.24 |
| 3. | मनेन्द्रगढ़ | 274.41 | 4.63 |
| 4. | खड़गवां | 268.22 | 4.52 |
| 5. | भरतपुर | 305.64 | 5.15 |
| | योग | **1462.54** | **24.66** |

प्रपत्र " ब "

**रोजगार गांरटी योजना के तहत सरगुजा जिले में सम्पादित कार्य दिवसों की विकासखंडवार जानकारी**

**जिला-सरगुजा**

| क्रमांक | विकासखंड का नाम | मजदूरी पर व्यय राशि रु. लाख में | कुल सृजित मानव दिवस (लाख में) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | अम्बिकापुर | 286.29 | 4.58 |
| 2. | सीतापुर | 197.61 | 3.16 |
| 3. | बतौली | 204.6 | 3.27 |
| 4. | मैनपाट | 154.19 | 2.46 |
| 5. | लुण्ड्रा | 372.68 | 5.95 |
| 6. | राजपुर | 528.05 | 8.43 |
| 7. | लखनपुर | 255.5 | 4.08 |
| 8. | उदयपुर | 171.87 | 2.74 |
| 9. | प्रतापपुर | 303.88 | 4.85 |
| 10. | वाड्रफनगर | 272.73 | 4.35 |
| 11. | रामचंद्रपुर | 354.62 | 5.66 |
| 12. | बलरामपुर | 498.62 | 7.96 |
| 13. | कुसमी | 220.81 | 3.53 |
| 14. | शंकरगढ़ | 160.56 | 2.56 |
| 15. | सूरजपुर | 197.95 | 3.16 |
| 16. | भैयाथान | 124.44 | 1.99 |
| 17. | ओड़गी | 72.06 | 1.15 |
| 18. | रामानुजनगर | 225.07 | 3.59 |
| 19. | प्रेमनगर | 172.32 | 2.75 |
| | **योग** | **4773.85** | **76.22** |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 420) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**केशलूर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की जानकारी**

| क्र. | सड़क का नाम | वर्ष | लम्बाई (कि.मी. में) | स्वीकृत लागत (लाख रुपये में) | कार्य की भौतिक स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | चित्रकोट मार्ग से पोटानार से चित्रधारा | 2000-01 | 3.90 | 44.36 | कार्य पूर्ण. |
| 2. | चित्रकोट मार्ग से सिघनपुर | 2000-01 | 2.90 | 35.59 | कार्य पूर्ण. |
| 3. | मेटावाड़ा से राजूर | 2000-01 | 4.20 | 42.04 | कार्य पूर्ण. |
| 4. | चित्रकोट मार्ग से कुरेंगा | 2000-01 | 5.00 | 64.96 | कार्य पूर्ण. |
| 5. | चित्रकोट मार्ग से सिरिसगुड़ा | 2000-01 | 5.00 | 49.47 | कार्य पूर्ण. |
| 6. | जगदलपुर कोन्टा रोड से कुम्हाररास | 2001-02 | 6.87 | 161.10 | कार्य पूर्ण. |
| 7. | जगदलपुर कोन्टा रोड से बोकराओडार | 2001-02 | 4.38 | 94.78 | 1.50 कि. मी. डामरीकरण कार्य पूर्ण. |
| 8. | जगदलपुर कोन्टा रोड से डुरकीटोकंगा | 2001-02 | 3.81 | 72.45 | कार्य पूर्ण. |
| 9. | जगदलपुर कोन्टा रोड से पेदारपारा कोकाररास (छिन्दावाड़ा) | 2001-02 | 9.50 | 165.59 | जी.-3 कार्य पूर्ण. |
| 10. | कावीरास से धुसपाल तोंगपाल मार्ग | 2001-02 | 13.17 | 205.74 | जी.-3 कार्य प्रगति पर. |
| 11. | करंजी तोकापाल मार्ग से थानागुड़ी बड़ेमोरठपाल. | 2001-02 | 2.49 | 34.63 | कार्य पूर्ण. |
| 12. | स्कूलपारा से डोंगरीगुड़ापारा रानसरगीपाल | 2001-02 | 4.01 | 49.55 | कार्य पूर्ण. |
| 13. | जे. के. रोड से भाटागुड़ापारा | 2003-04 (II) | 1.68 | 31.51 | जी.-2 कार्य पूर्ण. |
| 14. | जे. के. रोड से जुनागुड़ा | 2003-04 (II) | 5.00 | 61.60 | जी.-2 कार्य पूर्ण. |
| 15. | जे. के. रोड नेगानार से कान्डकीरास | 2004-05 | 18.70 | 511.07 | कार्य पूर्ण. |
| 16. | कुम्हाररास से हुमारास | 2004-05 | 1.50 | 36.26 | कार्य निरस्त |
| 17. | लेदा से सुकड़ापारा | 2004-05 | 5.60 | 141.91 | जी.-3 कार्य प्रगति पर. |
| 18. | पदरपारा चौक से कुडुमखोदरा | 2004-05 | 17.85 | 328.16 | 10.00 कि. मी. डामरीकरण कार्य पूर्ण. |
| | | **योग** | **115.56** | **2130.77** | |

प्रपत्र "ब"

**जगदलपुर कोन्टा रोड से पदरपारा कोकररास छिन्दावाड़ा की जानकारी**

| क्र. | विकासखण्ड | सड़क का नाम | ठेकेदार का नाम | कार्यादेश का दिनांक | ठेके की राशि (रु. लाख में ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | दरभा | जगदलपुर कोन्टा रोड से पदरपारा कोकररास छिन्दावाड़ा. | मेसर्स विमल कंसट्रक्शन. | 13-03-02 | 141.96 | 26-01-03 तक |
| 2. | दरभा | जगदलपुर कोन्टा रोड से पदरपारा कोकररास छिन्दावाड़ा. | सांई लक्ष्मी कंसट्रक्शन. | 03-07-03 | 124.69 | 15-04-04 तक |

परिशिष्ट " चार "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्र. 531) के भाग (क) की जानकारी ]

**बिलाईगढ़ विकासखंड अन्तर्गत वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सम्मिलित सड़क**

| क्र. (1) | विकासखंड का नाम (2) | स्वीकृत वर्ष (3) | सड़क का नाम (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | बिलाईगढ़ | 2005-06 | बिलाईगढ़ से रमतल्ला |
| 2. | बिलाईगढ़ | 2005-06 | मुड़पार से रायकोना |
| 3. | बिलाईगढ़ | 2006-07 | बिलाईगढ़ से छुईया |
| 4. | बिलाईगढ़ | 2006-07 | बिलाईगढ़ से करियाटार |
| 5. | बिलाईगढ़ | 2006-07 | बनाहील से सोनियाडीह |
| 6. | बिलाईगढ़ | 2006-07 | बेलटुकरी से गोरबा |
| 7. | बिलाईगढ़ | 2006-07 | भटगांव से करमंदी |
| 8. | बिलाईगढ़ | 2006-07 | धोबनडीह से खनराडीह |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 348) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

| क्र. | पट्टेधारी/उद्योग का नाम एवं पता | स्वीकृत कोयला खदान का नाम | लीज स्वीकृत किये जाने संबंधी आदेश क्रमांक/दिनांक | लीज का कुल क्षेत्र (हेक्टर में) | लीज अवधि | खदान से उत्पादित कोयले का ग्रेड | उत्खनित कोयले की मात्रा वर्षवार (मिट्रिक टन में) | | प्राप्त रायल्टी राशि वर्षवार (रुपये में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 2005-06 | 2006-07 | 2005-06 | 2006-07 |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| 1. | मेसर्स जिन्दल पावर लि. खरसिया रोड रायगढ़. | डौगामौहा, कोड़केल, कोसमपी, लिबरा, कोनभांठा, सारसामाल, टिहलीरामपुर, लमदरहा. | एफ 3-3/ 12/2002, 12-5-2005 | 964.650 | 5-10-2005 से 6-10-2035 तक (30 वर्ष) | उत्पादन प्रारंभ नहीं हुआ है | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| 2. | मेसर्स जायसवाल्स निको लिमिटेड नागपुर. | डौगामौहा, बांजीखोल, बाल्जोर, कोड़केल, बनखेता. | एफ 3-25/ 12/2002, 12-5-2005 | 884.846 | 11-4-2006 से 12-4-2026 तक (20 वर्ष) | "डी" ग्रेड | निरंक | 17804.21 | निरंक | 306000.00 |
| 3. | मेसर्स रायपुर एलायज एण्ड स्टील लिमि. रायपुर. | करवाही, सराईटोली, बंजरमुड़ा, ढोलनारा, गारे, खम्हरिया. | एफ 3-72/ 12/2000, 12-5-2005 | 335.736 | 23-10-2005 से 24-10-2035 तक (30 वर्ष) | कार्यानुमति नहीं दी गई है | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| 4. | मेसर्स प्रकाश इण्डस्ट्रीज प्रा. लि. बिलासपुर. | चोटिया ब्लाक-1 एवं 2. | एफ 3-104/ 12/2003, 20-1-2006 | 1179.826 | 20-4-06 से 19-4-2036 तक (30 वर्ष) | "डी" ग्रेड | निरंक | 466141 | निरंक | 39610429.00 |

प्रपत्र "ब"

| क्र. | पट्टेधारी/उद्योग का नाम एवं पता | खदान का नाम | निजी भूमि (हेक्टर में) | मुआवजा वितरण की जानकारी | | | मुआवजा वितरण के लिए शेष राशि (रुपये में) | मुआवजा वितरण न हो पाने के कारण | मुआवजा वितरण पूर्ण कर लिये जाने की संभावित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अधिग्रहित निजी भूमि का रकबा (हेक्टर में) | प्रभावित भूमि स्वामियों की संख्या | निजी भूमि स्वामियों की संख्या जिन्हें मुआवजा का भुगतान शेष है | | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| 1. | मेसर्स जिन्दल पावर लि. खरसिया रोड रायगढ़. | डौंगामौहा, कोड़केल, कोसमपी, लिबरा, कोनभांठा, सारसामाल, टिहलीरामपुर, लमदरहा. | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| 2. | मेसर्स जायसवाल्स निको लिमिटेड नागपुर. | डौंगामौहा, बांजीखोल, बालजोर, कोड़केल, बनखेता. | 11.230 | 11.230 | 8 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |
| 3. | मेसर्स रायपुर एलाएज एण्ड स्टील लिमि. रायपुर. | करवाही, सराईटोली, बंजमुड़ा, ढोलनारा, गारे, खम्हरिया. | 324.123 | 324.123 | 256 | 170 | 60325057 | कार्यवाही जारी है | छः माह |
| 4. | मेसर्स प्रकाश इण्डस्ट्रीज प्रा. लिमि. बिलासपुर. | चोटिया ब्लाक 1 एवं 2 | 30.454 | 30.454 | 67 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

परिशिष्ट " छ: "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र. 494) के भाग (क) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र " अ "

**पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों की जानकारी**

| क्र. (1) | वर्ष (2) | सड़क का नाम (3) | स्वीकृत राशि (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2005-06 | तालदेवरी से बंसुला | 131.84 |
| 2. | 2005-06 | तालदेवरी से बोरसी | 78.58 |
| 3. | 2005-06 | बिर्रा से देवरहा | 80.39 |
| 4. | 2005-06 | बोरसी से गतवा | 62.63 |
| 5. | 2005-06 | मुख्य मार्ग से चोरहादेवरी | 48.27 |
| 6. | 2005-06 | मुख्य मार्ग से कोसीर | 88.52 |
| 7. | 2005-06 | मुख्य मार्ग से रोझनडीह | 40.04 |
| 8. | 2005-06 | मुख्य मार्ग से सिर्री | 54.44 |
| 9. | 2005-06 | मुख्य मार्ग से हिर्री | 47.87 |
| 10. | 2005-06 | मुख्य मार्ग से पचगांव | 68.26 |
| 11. | 2005-06 | मुख्य मार्ग से जुरेला | 43.68 |
| 12. | 2005-06 | पामगढ़ से ससहा | 289.09 |
| 13. | 2005-06 | भैसो से जेवरा | 122.39 |
| 14. | 2005-06 | जेवरा से ढाबाडीह | 75.77 |

प्रपत्र "ब"

**वर्ष 2007-08 में चिन्हित मार्गों की जानकारी**

| क. (1) | सड़क का नाम (2) | रिमार्क (3) |
|---|---|---|
| 1. | राहौद से कोहका | |
| 2. | राहौद से महका | |
| 3. | मुख्य मार्ग से पंडरिया | |
| 4. | धरदेई पंडरिया रोड से भखराभांठा | |
| 5. | कमरीद से देवरघटा | |
| 6. | T05 मुख्य मार्ग से सिंघलदीप | |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 25 (क्र. 302) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**वर्ष 2004-2005 में रायगढ़ जिले के बरमकेला, सारंगढ़ एवं पुसौर विकासखण्ड के अंतर्गत गौण खनिज से प्राप्त राशि एवं ग्राम पंचायत को आवंटित की गई राशि का विवरण**

वर्ष 2004-2005

| क्र. | ग्राम का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | विकासखण्ड | गौण खनिज से प्राप्त राशि (रुपये में) | ग्राम पंचायत को वितरित की गई राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | भाठनपाली | झलमला | पुसौर | 2000.00 | 2000.00 |
| 2. | गोर्रा | गोर्रा | पुसौर | 4000.00 | 4000.00 |
| 3. | झिलगीटार | कठानी | पुसौर | 225272.00 | 225272.00 |
| 4. | भुइयांपाली | कोयलंगा | पुसौर | 4800.00 | 4800.00 |
| 5. | सकरबोगा | सकरबोगा | पुसौर | 5000.00 | 5000.00 |
| 6. | तिलगी | तिलगी | पुसौर | 4000.00 | 4000.00 |
| 7. | छोटेहल्दी | छोटेहल्दी | पुसौर | 22500.00 | 22500.00 |
| 8. | कान्दागढ़ | कान्दागढ़ | पुसौर | 82500.00 | 82500.00 |
| 9. | त्रिभौना | त्रिभौना | पुसौर | 90000.00 | 90000.00 |
| 10. | छपोरा | छपोरा | पुसौर | 23750.00 | 23750.00 |
| 11. | बोईरडीह | बिंजकोट | पुसौर | 38600.00 | 38600.00 |
| 12. | धनुवारडेरा | एकताल | पुसौर | 39200.00 | 39200.00 |
| 13. | ललाधुरवा | धौराभांठा | सारंगढ़ | 713250.00 | 356625.00 |
| 14. | टिमरलगा | टिमरलगा | सारंगढ़ | 1762500.00 | 352500.00 |
| 15. | गुडेली/सेन्दुरस/पाठारीपाली | गुडेली | सारंगढ़ | 1492320.00 | 298464.00 |
| 16. | बटाऊपाली | बटाऊपाली (ब) | सारंगढ़ | 4800.00 | 4800.00 |
| 17. | दानसरा | दानसरा | सारंगढ़ | 8000.00 | 8000.00 |
| 18. | सोनबला | घोघरा | बरमकेला | 10000.00 | 10000.00 |
| 19. | साल्हेओना | साल्हेओना | बरमकेला | 20000.00 | 20000.00 |
| 20. | परधियापाली | बिर्नीपाली | बरमकेला | 5000.00 | 5000.00 |
| 21. | पैकिन | धनिगांव | बरमकेला | 24000.00 | 24000.00 |
| 22. | सकरतुंगा | सकरतुंगा | बरमकेला | 4800.00 | 4800.00 |
| 23. | अमोदा | अमोदा | बरमकेला | 7200.00 | 7200.00 |
| 24. | बिश्वासपुर | मानिकपुर | बरमकेला | 38800.00 | 38800.00 |
| 25. | जटियापाली | रिसोरा | बरमकेला | 3600.00 | 3600.00 |
| | | | | **4635892.00** | **1675411.00** |

प्रपत्र "ब"

**रायगढ़ जिले के बरमकेला, सारंगढ़ एवं पुसौर विकासखण्ड के अंतर्गत वर्ष 2005-2006 में गौण खनिज से प्राप्त राशि का विवरण**

**वर्ष 2005-2006**

| क्र. | ग्राम का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | विकासखण्ड | गौण खनिज से प्राप्त राशि (रुपये में) | ग्राम पंचायत को वितरित की गई राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | टिमरलगा | टिमरलगा | सारंगढ़ | 5562643.00 | 900000.00 |
| 2. | गुडेली/सेन्दुरस | गुडेली | सारंगढ़ | 5587530.00 | 900000.00 |
| 3. | लालाधुरवा | धौराभांठा | सारंगढ़ | 1830000.00 | 866000.00 |
| 4. | साल्हेओना | साल्हेओना | सारंगढ़ | 126000.00 | 126000.00 |
| 5. | परधीयापाली | बिनौपाली | सारंगढ़ | 47000.00 | 47000.00 |
| 6. | सोनबला | पोंपरा | बरमकेला | 10000.00 | 10000.00 |
| 7. | जालाकोना | अमोदा | बरमकेला | 12000.00 | 12000.00 |
| 8. | बारादावन | कंटगपाली | बरमकेला | 12000.00 | 12000.00 |
| 9. | विश्वासपुर | मानिकपुर | बरमकेला | 205000.00 | 205000.00 |
| 10. | पैकीन | पैकीन | बरमकेला | 20400.00 | 20400.00 |
| 11. | झिलगीटार | कठानी | पुसौर | 326602.00 | 311282.00 |
| 12. | कान्दागढ़ | कान्दागढ़ | पुसौर | 152343.00 | 152343.00 |
| 13. | छोटेहल्दी | छोटेहल्दी | पुसौर | 122510.00 | 122510.00 |
| 14. | चिखली | चिखली | पुसौर | 40000.00 | 40000.00 |
| 15. | गोर्रा | गोर्रा | पुसौर | 2000.00 | 2000.00 |
| | | | | **14056028.00** | **3726535.00** |